(Under Jurisdiction of Bilaspur Court only)

# South Eastern Coalfields Limited
# साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : सीपत रोड, बिलासपुर (छ०ग). 495 006
Regd. Office : Seepat Road, Bilaspur (C.G.)- 495006

Ref. No. SECL/BSP/HR/NEE/2026/अधिसूचना/54 Date: 20/01/2026

## आंतरिक अधिसूचना
## (केवल एसईसीएल में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों के लिए)

विषयः–एसईसीएल में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों का सुरक्षा प्रहरी, ग्रेड–जी के पद पर विभागीय चयन बाबत्।

कः एसईसीएल में कार्यरत इच्छुक एवं पात्र विभागीय कर्मचारियों हेतु निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से श्रमशक्ति बजट 2025–26 में उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार सुरक्षा प्रहरी, ग्रेड–जी के पद पर विभागीय चयन हेतु निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| SL. No. | DESIGNATION | TOTAL VACANCY | VACANCY | | | | | | UR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | BACKLOG | | RESERVED | | TOTAL RESERVED VACANCY INCLUDING BACKLOG | | |
| | | | SC | ST | SC | ST | SC | ST | |
| 1 | सुरक्षा प्रहरी,तक.एवं पर्य. ग्रेड–जी | 66 | 13 | 0 | 8 | 4 | 21 | 4 | 41 |

(उपरोक्त सूची में उल्लेखित रिक्त पदों की संख्या आवश्यकता अनुसार परिवर्तित हो सकती है।)

ख : पात्रता :–

1. उपरोक्त पद हेतु संबंधित संवर्ग योजना (Cadre Scheme) के अंतर्गत दिनांक 31-12-2025 को निम्नानुसार अपेक्षित योग्यता और अनुभव पूर्ण करने वाले विभागीय कर्मचारी ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु पात्रता रखते हैं।

(i) केवल वही आवेदन, जो अधिसूचना संख्या - I.I. No. 13 दिनांक 26-05-2014 के अंतर्गत कैडर योजना के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा करेगा, उन्ही के आवेदनों पर चयन की आगामी चरणों के लिए विचार किया जाएगा।
*Minimum qualification and eligibility criteria and mode of selection to the post of Security Guard, Grade – G as per the cadre scheme issued vide Ref. No. I.I. No. 13 Dated 26-05-2014 is mentioned below.*

| SL. No. | Designation | Grade | Minimum Qualification | Eligibility Criteria | Mode of Selection/ Promotion |
|---|---|---|---|---|---|
| a. | SECURITY GUARD | Tech. & Sup. Gr."G" | **VII$^{th}$ Standard** | Any permanent employee having aptitude and physically fit for Security Guard and confirm to the norms laid down in the Note-1 below will be trained for a period of 6 months and on successful completion of training will be placed in Gr.-G | Selection |

Note (1): For Selection/Recruitment of Security Personnel the following norms will be required:

(a) Height –
For General : 5'5"
For SC/ST : 5'3" Height for tribal population 5-3" (I.I. No.40, Dtd. 31.12.92)

(b) Chest –
For General : 32"-34"
For SC/ST : 30"-32"

(These physical standard/norms will be applicable irrespective of gender.)

2. **केवल वही उम्मीदवार, जो उपरोक्त शारिरिक मानदंडों के अनुसार योग्य फिट (FIT) घोषित किये जायेंगे, केवल वही चयन की अगली चरण अर्थात लिखित परीक्षा मे सम्मिलित हेतु विचाराधीन होंगे।**

3. जो कर्मचारी मूल रूप से उच्च ग्रेड में नियुक्त हैं, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं, हालाँकि समान ग्रेड या उससे नीचे के ग्रेड के कर्मचारी इस आतंरिक सूचना के अनुसार आवेदन करने के लिए पात्र हैं, बशर्ते की वे कैडर योजना के अनुसार अन्य पात्रता मानदंडो को पूरा करें ।उक्त के सन्दर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रेड/ श्रेणी में पदस्थ उम्मीदवार अधिसूचित पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं।

| S.No. | Designation | Corresponding admissible Grades/Category for selection |
|---|---|---|
| I | **सुरक्षा प्रहरी,तक.एवं पर्य.ग्रेड–जी** | a). DR, Category – ( I, II, III, IV, V, VI )<br>b). DR, Excavation – ( Grade - E )<br>c). MR, T&S – (Grade - G,H ) |

4. पात्रता निर्धारण हेतु **कट–ऑफ तिथि 31.12.2025 हैं।**
5. केवल उक्त अर्हताओं को पूर्ण करने वाले कर्मचारी ही इस चयन प्रक्रिया में आवेदन करने हेतु पात्र हैं।
6. पात्रता ख (1) में उल्लेखित तालिका में कंडिका (a) पद हेतु सिर्फ कंपनी के **स्थायी और नियमित कर्मचारी** ही आवेदन कर सकते हैं।
7. जिन अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण अवधि पूरी की है, केवल वह ही अधिसूचित पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।
8. **फिजिकल स्टैंडर्ड/टेस्ट में उत्तीर्ण कर्मचारी/आवेदक को ही लिखित परीक्षा के लिए सम्मिलित होने की अनुमति होगी।**
9. सबंधित कर्मचारी/आवेदक का वास्तविक कार्य अवधि या वित्तीय वर्ष का गोपनीय प्रतिवेदन (2025–2026) में खराब (poor) होने की स्तिथि में **आवेदन निरस्त किया जाएगा** एवं अभ्यर्थी अग्रिम चरणों के लिए पात्र नहीं होंगे।
10. उपरोक्त पद हेतु आवेदक कर्मचारी की कैलेंडर वर्ष 2025 की पूरी **वार्षिक उपस्थिती** (सभी स्वीकृत अवकाश सहित) वार्षिक वर्ष का **240 दिन सतह एवं 190 दिन भूमिगत**, होना आवश्यक हैं। जिन आवेदक कर्मचारियों का 1 वर्ष पूर्ण नहीं हुआ है उनकी वास्तविक उपस्थिति की गणना कट–ऑफ तिथि तक की वास्तविक सेवा अवधि के अनुसार अनुपातिक रूप से की जाएगी। एवं उपस्थिति कम होने की स्थिति मे उक्त पद हेतु पात्र नहीं होंगे।
11. पात्रता ख (1) में उल्लेखित तालिका में कंडिका (a) पद हेतु जिन कर्मचारियों की सेवा अवधि नियुक्ति तिथि के उपरांत एक वर्ष से भी कम है उनके वास्तविक कार्य अवधि का गोपनीय प्रतिवेदन एवं उपस्थिति (अधिकृत अवकाश जोड़कर), उल्लेख किया जाना आवश्यक है।
12. यदि आवेदक कर्मचारी ने पात्रता ख (1) में उल्लेखित तालिका की कंडिका (a) पद में वर्णित से संबंधित शैक्षणिक योग्यता नियुक्ति तिथि के बाद प्राप्त किया है तो उस सम्बन्ध में आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमति संबंधित कार्यालय आदेश की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।
13. विभागीय कर्मचारियों के विज्ञापित पद में चयन सम्बन्धी अपेक्षित योग्यता एवं अनुभव अधिसूचना में उल्लेखित अनुसार ही है, तथापि उच्चतर डिग्री अथवा योग्यता होने मात्र से उच्च पद के लिए स्वतः पात्रता अथवा चयन का दावा नहीं किया जा सकता।
14. सीआईएल द्वारा समय–समय पर जारी किए गए **पात्रता मानदंड से संबंधित** कोई भी परिपत्र या दिशानिर्देश सभी आवेदकों पर लागू होंगे।
15. यह अधिसूचना इस शर्त के अधीन जारी की जा रही है कि **प्रबंधन किसी भी समय किसी भी प्रशासनिक मुद्दे या किसी अन्य मुद्दे के मद्देनजर अधिसूचना को संशोधित/वापस लेने/या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

ग : चयन हेतु मार्किंग पैटर्न :–

| Post | Selection Mode & Marks | Pattern of Written Test |
|---|---|---|
| Security Guard, Grade-G | **Written Test** | Multiple Choice Question (MCQ). |
| | **Total - 100 Marks** | |
| Written Test will be conducted on OMR Sheet. | | |
| There will be no negative marking for wrong answers. | | |

| Element of criteria | Examination Pattern | Marks |
|---|---|---|
| Multiple Choice Question (MCQ) pattern. Written test will be conducted on OMR sheet. | 1.Mental ability/Quantitative ability logical & reasoning skill. | 20 marks |
| | 2. General Awareness & Knowledge regarding CIL/SECL, State (CG & MP). | 20 marks |
| | 3. Subject Knowledge. | 60 marks |
| **Disclaimer: -** The marks in each section are subject to increase or decrease. | | |

| Category of candidates | Qualifying Marks |
|---|---|
| General Category | 40% of Total marks in Written Test. |
| SC/ST Category | 30% of Total marks in Written Test. |

**Note: -**

1. The merit panel will be prepared in respect of the candidates who will be found physically FIT and based on the marks obtained by the candidates in the Written Test as per descending manner.
2. After examination of eligibility in detail, the applicants shall be empaneled on the basis of merit based on total marks obtained in Written Test and in case same marks are obtained by more than one candidate, their merit shall be decided in the following manners :
   - **a) Date of Appointment**
     In case of tie of marks between two candidates, the applicants who were appointed first shall be placed above the candidates who were appointed later (Date of Appointment - here refers to Date of Initial Appointment)
   - **b) Date of Birth**
     In case if there is still tie after 2(a), the Date of Birth of applicant will be taken to place them in merit list further. (Applicants who are older will be placed above the candidate who are younger)
   - **c)** In case if there is still tie, after 2(a) and 2(b), **then alphabetically order of the candidate's name** will be taken to place them in the merit order.

Note:- The reference for **(a)** i.e. Date of Appointment, **(b)** i.e. Date of Birth & **(c)** i.e. Name in alphabetical **order will be fetched from SAP**. Candidates are advised to check the correctness of the same with concerned officials.

घ : एसईसीएल में कार्यरत आवेदक कर्मचारी के लिए आवेदन करने हेतु आवश्यक जानकारी/दिशा–निर्देश :

1 इच्छुक एवं पात्र एसईसीएल में कार्यरत कर्मचारी केवल ऑनलाइन मोड से ही आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2 अधिसूचित पद हेतु एसईसीएल में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों से **निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल** में किए गए आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे।

3 अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने के पूर्व चयन पोर्टल में अपलोड **आवेदन करने संबंधी दिशा–निर्देश एवं एसओपी (SOP) का विस्तार से अवलोकन करें।** ऑनलाइन आवेदन करने हेतु कर्मचारियों को सम्पूर्ण विवरण, दिशा–निर्देश उपलब्ध कराया जा रहा है जो **संलग्नित अनुलग्नक–1** में उपलब्ध है।

4 ऑनलाइन आवेदन एसईसीएल के वेब–पोर्टल https://portals.secl-cil.in/internal/index.php पर जा कर किया जा सकता है एवं इस का लिंक SECL की अधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

5 आंतरिक चयन पोर्टल LAN (लैन) आधारित साइट है जो की ऑफिस द्वारा चालित LAN connected कंप्यूटर के माध्यम से संचालित की जा सकती है।

6 अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 11.02.2026** तक कर सकते है परंतु अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है की फॉर्म समय पर भरें ताकि अंतिम क्षण में होने वाली तकनीकी कठनाई से बचा जा सके ।

7 कर्मचारियों को अवगत कराया जाता है कि जब तक उपरोक्त पद हेतु चयन प्रक्रिया से संबन्धित सभी चरणों (process) की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती, तब तक ऑनलाइन पोर्टल को नियमित रूप से अवलोकन करें, चयन संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से आपके प्रोफ़ाइल डैशबोर्ड में प्राप्त होगी।

8 अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि पोर्टल में पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान अधिकृत और सक्रिय फ़ोन नंबर और ईमेल प्रदान करें, जिसे चयन संबंधित सभी सूचनाएं उसी के माध्यम से प्रेषित की जा सके । जिन अभ्यार्थियों ने पूर्व मे पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण किया है, वे अपने अकाउंट से लॉगिन करने के बाद सीधे अधिसूचित पद हेतु आवेदन कर सकते हैं ।

9.सुरक्षा प्रहरी, ग्रेड–जी के पद हेतु आवेदक द्वारा निम्नलिखित <u>दस्तावेज स्वहस्ताक्षरित कर ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड किया जाना है,</u> जो उनकी पात्रता मानदंड का आधार बनेगा ।

(a) Valid Mark-sheet of Class – VII Examination passed from recognized Institute.
*(मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–**VII** की शैक्षणिक योग्यता/परीक्षा उत्तीर्ण होने की वैध अंकसूची)।*

(b) Caste Certificate (for Scheduled Caste & Scheduled Tribe Candidates).
*(स्थायी जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)।*
***(i)** स्थायी जाति प्रमाण–पत्र जारी करने वाले अधिकारी का ओहदा तहसीलदार या उससे ऊपर का होना चाहिए।*
***(ii)** पुराने प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र रखने वाले कर्मचारियों को सलाह दिया जाता है कि सरकार द्वारा अनुमोदित प्रारूप में नया प्रमाण पत्र प्राप्त करें और उसे प्रस्तुत करें।*

(c) यदि आवेदक कर्मचारी ने पात्रता ख (1) में उल्लेखित तालिका की कंडिका (a) पद में वर्णित से संबंधित शैक्षणिक योग्यता नियुक्ति तिथि के बाद प्राप्त किया है तो उस सम्बन्ध में आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुमति संबंधित कार्यालय आदेश।

(d) आवेदक कर्मचारी का स्वयं का पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं हस्ताक्षर ।

*(Note: उपरोक्त सभी बिन्दुओ की विस्तार से जानकारी अनुलग्नक–1 में उपलब्ध है, जो कि अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा में उपलब्ध है । अभियार्थी को सलाह दी जाती है कि दिशा–निर्देश को ध्यान से पढ़ कर ही आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करें । दस्तावेजों की <u>**स्पष्ट और सुपाठ्य प्रतियाँ स्वहस्ताक्षरित कर अपलोड करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की है**</u> । यदि अपलोड की गयी प्रतियाँ स्पष्ट नहीं हैं तो आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा एवं अग्रिम चरणों के लिए आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा)* ।

9 चयन प्रक्रिया के दौरान या भविष्य में कभी भी आवेदक द्वारा जानबूझकर किसी तथ्य को छुपाने अथवा गलत या झूठी जानकारी देने संबंधी जानकारी प्राप्त होती है का संज्ञान होता है तो उस स्थिति में संबंधित आवेदक/कर्मचारी की उम्मीदवारी को तत्काल प्रभव से निरस्त कर दिया जायेगा, साथ ही कम्पनी के प्रमाणित स्थाई आदेश के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**ड : एसईसीएल में कार्यरत कर्मचारी मुख्यालय बिलासपुर को उचित माध्यम से आवेदन अग्रेषित किये जाने के सम्बंध में आवश्यक दिशा–निर्देश :**

1. सभी इकाई ऑफिसर (मा.सं.) एवं स्टाफ ऑफिसर (मा.सं.), संबंधित क्षेत्र को फॉर्म अग्रेषित करने से पूर्व SOP का विस्तार से अवलोकन करने की सलाह दी जाती है। (**विषेश रूप से SOP के क्रमांक 9 से 12 तक**)
2. ऑनलाइन आवेदन सम्बंधित इकाई (मा.सं.) एवं स्टाफ ऑफिसर (मा.सं.), संबंधित क्षेत्र के द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में निश्चित समय सीमा में अग्रेषित किए जायेंगे ।
3. <u>**पात्रता के लिए इकाई ऑफिसर (मा.सं.) एवं स्टाफ ऑफिसर (मा.सं.), संबंधित क्षेत्र के निम्नलिखित मानदंडों को सुनिश्चित करना है:**</u>

(a) Valid Mark-sheet of Class – VII Examination passed from recognized Institute.
*(मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–**VII** की शैक्षणिक योग्यता/परीक्षा उत्तीर्ण होने की वैध अंकसूची)।*

(b) Caste Certificate (for Scheduled Caste & Scheduled Tribe Candidates).
*(स्थायी जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)।*
***(i)** स्थायी जाति प्रमाण–पत्र जारी करने वाले अधिकारी का ओहदा तहसीलदार या उससे ऊपर का होना चाहिए।*
***(ii)** पुराने प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र रखने वाले कर्मचारियों को सलाह दिया जाता है कि सरकार द्वारा अनुमोदित प्रारूप में नया प्रमाण पत्र प्राप्त करें और उसे प्रस्तुत करें।*

(c) यदि आवेदक कर्मचारी ने पात्रता ख (1) में उल्लेखित तालिका की कंडिका (a) पद में वर्णित से संबंधित शैक्षणिक योग्यता नियुक्ति तिथि के बाद प्राप्त किया है तो उस सम्बन्ध में आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुमति संबंधित कार्यालय आदेश।

(d) आवेदक कर्मचारी का स्वयं का पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं हस्ताक्षर ।

(e) सबंधित कर्मचारी/आवेदक का वास्तविक कार्य अवधि या वित्तीय वर्ष (2025–2026) का गोपनीय प्रतिवेदन खराब (poor) होने के स्थिति में **आवेदन निरस्त किया जाएगा** एवं अभ्यर्थी अग्रिम चरणों के लिए पात्र नहीं होंगे। यद्यपि वित्तीय वर्ष (2025–2026) का वार्षिक प्रतिवेदन SAP के माध्यम से पोर्टल में स्वतः भरा होगा फिर भी इसे संबंधित SAP/या अन्य अधिकृत सेवा रिकॅार्ड से सत्यापित करने के बाद ही अभ्यर्थी के फ़ॉर्म को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अग्रेषित किया जाए।

(f) संबंधित आवेदक कर्मचारी का विगत कैलेंडर वर्ष अर्थात 2025 का पूरा **वार्षिक उपस्थिती** (सभी स्वीकृत अवकाश सहित) वार्षिक वर्ष का **240 दिन सतह एवं 190 दिन भूमिगत**, अनुसार **होना चाहिए** । जिन आवेदक कर्मचारियों का 1 वर्ष पूरा नहीं हुआ है उनकी वास्तविक कार्य अवधि उपस्थिति (सभी अधिकृत अवकाश जोड़कर) प्रो–राटा अनुपातिक होगी। उपरोक्त वर्णित समय अवधि का उपस्थिति SAP के माध्यम से पोर्टल में स्वतः भरा होगा फिर भी इसे संबंधित SAP/या अन्य अधिकृत सेवा रिकॅार्ड से सत्यापित करने के बाद ही अभ्यर्थी के फ़ॉर्म को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अग्रेषित किया जाए।

(g) आवेदक द्वारा संबंधित जानकारी जो 09 (a) में प्रतिवेदित की गयी है, यदि अपूर्ण या निर्णायक नहीं है तो ऐसे प्रकरणों को अस्वीकार किया जाए। यदि आवेदक कर्मचारी वांछित आहर्ताओं को पूर्ण नहीं करते हैं, तो संबंधित इकाई अधिकारी (मानव संसाधन) द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियो का उचित कारण उल्लेख करते हुये आवेदन निरस्त कर दिया जाए।

4. केवल उपरोक्त वर्णित पात्रता मानदंड को पूर्ण करने वाले आवेदन ही संबंधित इकाई (मा.सं.) एवं स्टाफ ऑफिसर (मा.सं.), संबंधित क्षेत्र द्वारा आग्रेषित किए जायेंगे। यदि आवेदक कर्मचारी वांछित आहर्ताओं एवं उपरोक्त वर्णित सभी पात्रता मानदंड को पूर्ण नहीं करते हैं, तो संबंधित इकाई अधिकारी (मानव संसाधन) द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियों का उचित कारण उल्लेख करते हुये आवेदन को निरस्त किया जाएगा। ऐसी स्थिति में यदि उम्मीदवार, चाहे तो निर्धारित समय अवधि के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। फॉर्म फिर से इकाई ऑफिसर (मा.सं.) के प्रोफाइल डैशबोर्ड पर दिखाई देगा। इकाई ऑफिसर (मा.सं.) आपत्ति दावे की समीक्षा करेंगे और यदि पाया गया कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है तो फॉर्म को अग्रेषित किया जाएगा अन्यथा उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5. ऐसे कर्मचारी जिनके प्रकरण में, 2024 के उपरांत यदि विभागीय चयन के पश्चात् चयनित/पदस्थापित स्थल पर कार्यभार ग्रहण न किया गया हो अथवा कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त चयन निरस्त करने हेतु किये गए अनुरोध के आधार पर, यदि चयन निरस्त किया गया हो ऐसे कर्मचारी का आवेदन इस अधिसूचित विभागीय चयन हेतु निरस्त किया जाएगा, और उनके फॉर्म को अग्रिम चरण हेतु प्रेषित नहीं किया जाएगा।

**च : एसईसीएल में कार्यरत कर्मचरियों हेतु अधिसूचित पद पर चयन के संबंध में अन्य आवश्यक शर्तें –**

1–आंतरिक चयन हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्म भरने एवं अग्रेषित करने की समय सीमा इस प्रकार है :

| SL.No | Activity | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | **(*)** Opening date for filling the online application for Applicants | 22nd January,2026 | 10:00 AM |
| | Last date for filling the online application for Applicants | 11th February, 2026 | 11:59 PM |
| 2 | Opening date for Unit (HR) Officer for Forwarding the Applications | 22nd January,2026 | 10:00 AM |
| | Last date for Unit (HR) Officer for Forwarding the Applications | 15th February, 2026 | 11:59 PM |
| 3 | Opening date for Applicants for (Submitting Representation after rejecting by Unit (HR) Officer) | 16th February, 2026 | 10:00 AM |
| | Last date for Applicants for (Submitting Representation after rejecting by Unit (HR) Officer | 20th February, 2026 | 11:59 PM |
| 4 | Closing date for (Unit (HR) Officer /SO(HR) for Finalization of the list of Applicants | 25th February, 2026 | 11:59 PM |
| 5 | Closing date for AGM for Forwarding the Application | 28th February, 2026 | 11:59 PM |

**(*)The opening date of the portal for the candidates will also include the portal opening date simultaneously for Unit Officers(HR), Staff Officers (HR), and Area General Managers.**

**सभी संबंधितों को निर्देशित किया जाता है कि वे उपरोक्त तालिका में उल्लेखित समय–सीमा को पढ़ें एवं इसका पालन सुनिश्चित करें। समय–सीमा बढ़ाने या ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म स्वीकार करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

2. चयनित कर्मचारियों का वेतन नियमानुसार संरक्षित होगा।
3. कैडर स्कीम एवं एसओपी **(SOP)** के अंतर्गत प्रावधानानुसार लिखित परीक्षा का आयोजन केन्द्रीयकृत रूप से एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित किया जायेगा। संबंधित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र (**Admit Card**) भी पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकेगा। इससे संबंधित जानकारी के लिए आंतरिक चयन पोर्टल का अवलोकन किए जाने की सलाह दी जाती है। **परीक्षा स्थल एवं परीक्षा तिथि की सूचना अलग से आंतरिक चयन पोर्टल एवं SECL की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।**
4. चयन प्रक्रिया के दौरान संबंधित अभ्यर्थी द्वारा यदि चयन अधिसूचना मे दिये गए किसी भी दिशा निर्देश या SOP (एसओपी) के प्रावधानों का अनुपालन सही प्रकार से न करने के कारण यदि उसकी पात्रता निरस्त होती है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
5. **केवल पद के लिए आवेदन करने या परीक्षा में उपस्थित होने से उम्मीदवार की अधिसूचित पद के लिए पात्रता कि पुष्टि नहीं होगी।**
6. चयनित कर्मचारियों को रिक्तता एवं आवश्यकता के अनुसार एस.ई.सी.एल. के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थापित किया जायेगा। चयन के पश्चात् पदस्थापित स्थल पर कार्यभार ग्रहण न करने अथवा कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत चयन निरस्त करने संबंधी अनुरोध को स्वीकार किये जाने की स्थिति में भविष्य में गैर–अधिकारी संवर्ग के किसी अन्य पद हेतु, एस.ई.सी.एल. में होने वाली चयन प्रक्रिया से चयन निरस्त आदेश निर्गत होने की तिथि से दो (2) वर्ष के लिए वंचित (**DEBARRED**) किया जायेगा।
7. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले एसईसीएल के अभ्यार्थी सीआईएल नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता (टीए) एवं दैनिक भत्ता (डीए) हेतु पात्र होंगे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

20.01.26

महाप्रबंधक (मा. सं./औ. सं./एनईई) -विभागाध्यक्ष
एसईसीएल, बिलासपुर

वितरण :–

1. महाप्रबंधक (सतर्कता)/(मा. सं.)/श्र.श.)/एसईसीएल बिलासपुर।
2. उप प्रबंधक (सुरक्षा), एसईसीएल बिलासपुर।
3. क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल समस्त क्षेत्र।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर।
5. सीईओ CERL/CEWRL, एसईसीएल (Raipur)।
6. महाप्रबंधक (सिस्टम), एसईसीएल बिलासपुर –एसईसीएल की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।
7. महाप्रबंधक, डीसीसी कोलकाता।
8. क्षेत्रीय स्टाफ ऑफिसर (मा.सं.), एसईसीएल समस्त क्षेत्र।
9. वरिष्ठ प्रबंधक (मा. सं./एनईई) एसईसीएल।
10. अधिवासी कार्यपालक अधिकारी, डेस्क ऑफिस, एसईसीएल भोपाल/नागपुर।
11. वरिष्ठ प्रबंधक/प्रबंधक (कार्मिक/एनईई), एसईसीएल, बिलासपुर।
12. समस्त सूचना पटल।

प्रतिलिपि :–

1. तकनिकी सचिव– अध्यक्ष–सह–प्रबंध–निदेशक, एसईसीएल बिलासपुर।
2. तकनिकी सचिव– निदेशक (तक. एवं संचा)/सतर्कता/(यो. परि.)/(एच. आर)/(वित्त) एसईसीएल बिलासपुर।
3. कार्यालय प्रति / मास्टर फाइल।